# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय , उ० प्र० जल निगम(ग्रामीण)
औद्योगिक क्षेत्रसंत कबीर नगर। -खलीलाबाद, जनपद,
cdsantkabirnagar@gmail.com -I.D: mail-E, -:mail I.D-E eeruralskngmail.com@,

पत्रांक 482 / W-05 / 46 दिनांक 12/06/2026

**सेवा में,**

प्रबन्ध निदेशक महोदय,


उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),


लखनऊ।

**विषय** – हिन्दुस्तान समाचार पत्र में दिनांक 11.06.2026 को प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक के संबंध में सादर अवगत कराना है कि दिनांक 11.06.2026 हिन्दुस्तान समाचार पत्र में प्रकाशित खबर ***"अधूरी पड़ी है पेयजल परियोजना हर घर नल का सपना रह गया अधूरा"*** के संबंध में अवगत कराना है कि वि0ख0- बेलहर कला में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत **कुल्हड़िया पेयजल योजना** के अन्तर्गत ओवरहेड टैंक का 25 प्रतिशत तक पूर्ण है, पम्प हाऊस का कार्य 50 प्रतिशत, बाऊण्ड्रीवाल का कार्य 80 प्रतिशत, वितरण प्रणाली का कार्य 16750 मी0 के सापेक्ष पूर्ण है तथा हाऊस कनेक्शन का कार्य 671 के सापेक्ष 532 नग पूर्ण कर लिया गया है, कराये गये कार्यो के बीजकों का भुगतान लगभग 01 वर्ष से लम्बित है। जिसके कारण फर्म को आगे कार्य कराने में समस्या हो रही है, शासन द्वारा 90 प्रतिशत पूर्ण योजनाओं के बीजकों का ही भुगतान किया जा रहा है, अवशेष भुगतान प्राप्त होने पर फर्म द्वारा उक्त योजना के शेष कार्यों को अतिशीघ्र पूर्ण करा लिया जायेगा।





भवदीय

C.Shekhar

अधिशासी अभियन्ता

o/c for

पृ०स० एवं दिनांक तदैव-

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. जिलाधिकारी महोदय, संतकबीरनगर।
2. मुख्य विकास अधिकारी, संतकबीरनगर।
3. जिला सूचना अधिकारी, संतकबीरनगर।
4. अधीक्षण अभियन्ता, निर्माण मण्डल उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बस्ती।
5. संबंधित सहायक अभियन्ता / जू0इं0।
6. कार्यदायी फर्म मेघा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रा०लि०, संतकबीरनगर।

C.Shekhar

अधिशासी अभियन्ता

o/c for

# अधूरी पड़ी है पेयजल परियोजना हर घर नल का सपना रह गया अधूरा


Jun 11, 2026 02:42 pm IST

**Newswrap** **हिन्दुस्तान**, संतकबीरनगर

Preferred


संतकबीरनगर जिले के बरगदवा खुर्द में हर घर नल योजना के तहत पानी की टंकी का निर्माण 2022 में शुरू हुआ था। तीन साल बीतने के बाद भी निर्माण पूरा नहीं हुआ है, जिसके कारण ग्रामीणों को स्वच्छ पानी नहीं मिल पा रहा है। कार्यदायी संस्था की लापरवाही से ग्रामीण नाराज हैं।

Story continues below advertisement




संतकबीरनगर, हिन्दुस्तान टीम। संतकबीरनगर जिले के सांथा क्षेत्र के कुल्हड़िया के राजस्व गांव बरगदवा खुर्द में जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल योजना के तहत पेयजल की टंकी का 2022 में निर्माण कार्य शुरू हुआ था। तीन साल बीत चुका लेकिन टंकी का निर्माण पूरा नहीं हुआ। योजना पूरी न होने से जल जीवन मिशन का हर घर नल का सपना अधूरा रह गया।

Story continues below advertisement




## जल परियोजना की स्थिति

सात नवंबर 2022 को कार्यदायी संस्था ने टंकी का निर्माण कार्य शुरू करवाया था। दो करोड़ 94 लाख 66 हजार रुपये से पेयजल परियोजना का निर्माण हो रहा है। पानी के टंकी से सप्लाई शुरू होने से पांच गांवों के ग्रामीणों को लाभ मिलता। इनमें कुल्हड़िया, बरगदवां खुर्द, रमवापुर मिश्र, परसोहिया खजुरिया के ग्रामीण शामिल हैं। तीन साल बीतने के बावजूद अभी तक लोगों के घरों तक पानी की आपूर्ति नहीं की जा

सकी है। जबकि पानी की टंकी अधूरा निर्माण होने से गांवों में पाइप लाइन बिछा कर गांवों मे छोड़ दिया गया है। इसके बावजूद अभी तक लोगों के घर मे स्वच्छ पानी नहीं पहुंच पाया है। ग्रामीणों ने कार्यदायी संस्था की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा किया है।

## ग्रामीणों की नाराजगी

कार्यदायी संस्था जल निगम ने पानी की टंकी का निर्माण कार्य पूरा नहीं किया, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी है। स्वच्छ पेयजल की आस लगाए ग्रामीणो को अब निराशा ही हाथ लग रही है। तीन वर्ष का समय बीतने के बावजूद लोगों के घरों में साफ पानी नहीं पहुंच सका। ग्रामीण श्यामू मिश्रा, सौरम मिश्रा, विनय पाण्डेय, पंडित दिवाकर मिश्र, सूरज मिश्र, मनोज, रवि, श्यामबली, महेश मिश्र, ऐजाज, समीउल्लाह खां, कुलदीप, छोटे मिश्रा आदि का कहना है कि इतना धन खर्च होने के बावजूद लोगो के घरों में साफ पानी अभी तक नहीं पहुंच सका है। गांव की इंटरलाकिंग सड़क अच्छी थी। पाइप लाइन बिछाने के नाम पर उसको तोड़ दिया गया है। उसकी भी मरम्मत नही की गई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर ठप पड़े पानी की टंकी का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया तो उच्चाधिकारी के कार्यालय में पहुंचकर धरना-प्रदर्शन करेंगे।

## निर्माण कार्य का कारण

अधिशाषी अभियंता जल निगम महेंद्र राम ने कहा कि धन के अभाव में निर्माण कार्य अधूरा है। जैसे ही धन मिलता है, निर्माण कार्य पूरा कर दिया जाएगा। शासन के पास पत्र भेजकर धन की मांग की गई है। धन आवंटित होते ही पानी की आपूर्ति व पानी की टंकी का निर्माण शुरू कराया जाएगा।

## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

- **जल जीवन मिशन के तहत किस योजना का निर्माण किया जा रहा है?** −

  हर घर नल योजना के तहत पेयजल की टंकी का निर्माण किया जा रहा है।

- **ग्रामीणों को पानी की आपूर्ति में क्या समस्या आ रही है?** +
- **ग्रामीणों ने कार्यदायी संस्था के खिलाफ क्या चेतावनी दी है?** +

## कृपया अपने अनुभव को रेट करें